राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। बुधवार • 3 मार्च • 2021 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

पब्लिक स्कूलों में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से होंगी परीक्षाएं

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

राजधानी के पब्लिक स्कूलों में नौवीं और ग्यारहवीं कक्षाओं की परीक्षाओं को ऑनलाइन कराए जाने का फैसला लिया है। दरअसल 90 फीसद अभिभावक ऑनलाइन परीक्षा पर जोर दे रहे थे। जबकि 10 से 15 फीसद अभिभावक अपने बच्चों को ऑफलाइन परीक्षा देने के लिए सहमति दे रहे थे। ऐसे में स्कूलों ने यह तय किया है कि इतने कम छात्रों के लिए ऑफलाइन परीक्षा करवाने की जगह सभी छात्रों के लिए ऑनलाइन परीक्षा ही करवाई जाए।

पीतमपुरा स्थित एसडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य अनिता शर्मा ने बताया कि हमारे पास अभिभावकों की ऑनलाइन परीक्षा को लेकर काफी मांग आ रही थी। इसको लेकर हमने अभिभावकों के बीच एक सर्वे कराया था कि ऑफलाइन और ऑनलाइन परीक्षा देने का विकल्प चुनें। इस सर्वे में 90 फीसद अभिभावकों ने ऑनलाइन परीक्षा के लिए अपनी सहमति दी। जबकि केवल दस फीसद अभिभावकों ने ही ऑफलाइन परीक्षा के लिए सहमति दी। ऐसे में हमने यह तय किया है कि हम सभी नौवीं और ग्यारहवीं कक्षाओं के छात्रों के लिए ऑनलाइन परीक्षा करवाएं।

9 वीं-11 वीं कक्षाओं में परीक्षाओं को लेकर पैरेंट्स की मांग पर हुआ फैसला

केवल 10 से 15 फीसद ही छात्र तैयार थे ऑफलाइन परीक्षा के लिए

अभिभावकों ने कोरोना काल में ऑनलाइन परीक्षा पर दिया जोर

स्कूल ने परीक्षाओं को लेकर सर्वे भी कराया था

रोहिणी स्थित एनके बगरोडिया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रशांत पराशर ने बताया कि नौवीं और 11वीं के लिए केवल 15 फीसद अभिभावकों ने ऑफलाइन परीक्षा के लिए रजामंदी है। हम केवल उन्हीं छात्रों की ऑफलाइन परीक्षा करवा रहें, जिनके अभिभावकों ने रजामंदी दी है। बाकी सभी छात्रों के लिए ऑनलाइन परीक्षा करवाई जा रही है।

इस प्रकार हम ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही तरीके से समानांतर परीक्षाएं करवा रहें हैं।पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रूमा पाठक ने बताया कि हमारे यहां ज्यादातर अभिभावक ऑफलाइन परीक्षा के लिए तैयार हैं। यदि कोई ऑनलाइन परीक्षा देना चाहते हैं कि उनको भी ऑनलाइन परीक्षा देने की छूट है। स्कूल द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से परीक्षा देने का विकल्प खुला रखा है।